भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4123**
दिनांक 19.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**कर्नाटक में जेजेएम के अंतर्गत प्राप्त किए गए लक्ष्य और उद्देश्य**

**4123. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुनः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने कर्नाटक में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कर्नाटक में विशेषकर दावणगेरे जिले में 'हर घर जल' योजना के अंतर्गत कितने घरों, आंगनवाड़ी और शैक्षणिक संस्थानों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;
(ग) उस परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है जिसकी आधारशिला हाल ही में दावणगेरे जिले के हरिहर और हरपनहल्ली तालुकों के अनेक गांवों में पेयजल की आपूर्ति करने के लिए रखी गई थी;
(घ) इस प्रयोजनार्थ स्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) जेजेएम की उक्त योजना के अंतर्गत इन गांवों को नल के पानी के कनेक्शन कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) और (ख) भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता की और नियमित और दीर्घकालिक आधार पर सुरक्षित और पीने योग्य नल के पानी की आपूर्ति के लिए प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने माह अगस्त 2019 में कर्नाटक सहित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी में लागू होने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरुआत की। पेयजल राज्य सूची का विषय है और इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली स्कीमों सहित पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, प्रचालन और अनुरक्षण का उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के बाद से ग्रामीण परिवारों हेतु नल जल की सुविधा का विस्तार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। माह अगस्त, 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत के समय, केवल 24.51 लाख (24.19%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, दिनांक 16.12.2024 की स्थिति के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किया गया है कि जेजेएम के तहत लगभग 58.57 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, दिनांक 16.12.2024 की स्थिति के अनुसार, 101.31 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 83.08 लाख (82.01%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

कर्नाटक में और दावणगेरे जिले में जेजेएम के तहत नल के पानी के कनेक्शन व्यक्तिगत घरों, आंगनवाड़ी और शैक्षणिक संस्थानों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| राज्य/जिला | नल जल कनेक्शन वाले परिवारों की संख्या | नल कनेक्शन के साथ आंगनवाड़ी की संख्या | नल कनेक्शन वाले स्कूलों की संख्या |
|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 83.08 लाख (82.01%) | 53,147 (98.97%) | 41,912 (99.62%) |
| दावंगरे जिला | 2.33 लाख (89.66%) | 1,362 (98.84%) | 1,059 (100%) |

(ग) जैसा कि कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, विजयनगर जिले के हड़प्पनहल्ली तालुक में, "डीबीओटी आधार के माध्यम से विजयनगर जिले के हरपनहल्ली तालुक के चिगाटेरी, निचवनहल्ली और अन्य 105 आवासों को पेयजल आपूर्ति सुविधाएं" नामक योजना, जिसकी आधारशिला दिनांक 01.09.2023 को रखी गई थी। परियोजना में 60% की वास्तविक प्रगति और 41.43% की वित्तीय प्रगति है। इसी तरह, दावणगेरे जिले के हरिहर तालुक में, "हरिहर तालुक दावणगेरे जिले में जगलुरुरु तालुक, बाथी, हेब्बल और अन्य 18 बस्तियों में संथेमुद्दपुरा और अन्य 164 बस्तियों को विविध ग्राम जल आपूर्ति" नामक योजना, जिसके लिए दिनांक 16.08.2024 को आधारशिला रखी गई थी। परियोजना में 10% की वास्तविक प्रगति और 19.45% की वित्तीय प्रगति है।

(घ) चूंकि जल राज्य सूची का विषय है, इसलिए ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए वित्तीय मंजूरी और निधियां जारी करने सहित अलग-अलग परियोजनाओं/स्कीमों का ब्यौरा भारत सरकार स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ङ) राज्यों के साथ हाल ही में हुई समीक्षा बैठक के अनुसार, कर्नाटक में सभी परिवारों की परिपूर्णता की समय-सीमा माह मार्च, 2026 है।

*****